हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
19 अक्तूबर 2024, बरेली

PAGE NO. 06 : MIDDLE

# मां-बाप व बच्चों में टकराव दिखा गया फैमिली सर्कस



एसआरएमएस रिद्धिमा के रंग महोत्सव इंद्रधनुष 2024 के छठवें दिन शुक्रवार को डे ड्रीमर्स फाउंडेशन की ओर से नाटक 'फैमिली सर्कस' का मंचन किया गया।

**बरेली, प्रमुख संवाददाता।** एसआरएमएस रिद्धिमा में शुक्रवार को डे ड्रीमर्स फाउंडेशन की ओर से नाटक 'फैमिली सर्कस' का मंचन किया गया। फैमिली सर्कस में परंपराओं से बंधे मां-बाप और युवा पीढ़ी के टकराव को दिखा। छोटी-छोटी बात पर होने वाले मतभेद को दर्शाया। फैमिली सर्कस ने दर्शकों के सामने कई सवाल भी खड़े किए।

फैमिली सर्कस में अभिनेता का किरदार सलीम शाह ने निभाया। वह एक आम भारतीय परिवार के दो पीढ़ियों दृष्टिकोण को उजागर किया। परिवार का मुखिया पुराने जमाने के हरि हैं। उनकी पत्नी राधा पति के सिद्धांतों पर जीवन जीती हैं। बेटा पिंटो एक खुले विचारों का है। जो पिता की सलाह से घुटन महसूस करता है। परिवार में तनाव रहता है। परिवार में कई बार अप्रत्याशित घटनाएं भी घटित होती हैं। नाटक ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति ने दीप प्रज्ज्वलन किया।